भारत में 15 जुलाई, 2021 तक अधिसूचित बासमती की किस्मों की सूची

धान की खेती के अलावा, कई उत्तर भारतीय राज्यों के किसान खरीफ मौसम के दौरान सुगंधित, लंबे दाने वाली चावल की किस्म — बासमती — भी लगाते हैं। 15 जुलाई, 2021 तक, बीज अधिनियम, 1966 के तहत बासमती की कुल 34 किस्मों को अधिसूचित किया गया था।

बीज अधिनियम के तहत प्रमाणित बीज केवल अधिसूचित किस्मों के ही उत्पादित किए जा सकते हैं। इसलिए प्रमाणित बीजों की पैदावार के लिए अधिसूचना ज़रूरी है। किस्मों की अधिसूचना से किसानों को लाभ होता है क्योंकि उन्हें अधिसूचित किस्मों के सुनिश्चित गुणवत्ता वाले बीज मिलते हैं।

अधिसूचित बासमती किस्में:

बासमती 217

बासमती 370

टाईप 3 (देहरादूनी बासमती)

पंजाब बासमती (बौनी बासमती)

पूसा बासमती 1

कस्तूरी

हरियाणा बासमती 1

माही सुगंधा

तरावड़ी बासमती (एच बी सी 19/करनाल लोकल)

रणबीर बासमती

बासमती 386

उन्नत पूसा बासमती 1 (पूसा 1460)

पूसा बासमती 1121 (संशोधन के बाद)

वल्लभ बासमती 22

पूसा बासमती 6 (पूसा 1401)

पंजाब बासमती 2

बासमती सी एस आर 30 (संशोधन के बाद)

मालवीय बासमती धान 10-9 (आई ई टी 21669)

वल्लभ बासमती 21 (आई ई टी 19493)

पूसा बासमती 1509 (आई ई टी 21960)

बासमती 564

वल्लभ बासमती 23

वल्लभ बासमती 24

पूसा बासमती 1609

पंत बासमती 1 (आई ई टी 21665)

पंत बासमती 2 (आई ई टी 21953)

पंजाब बासमती 3

पूसा बासमती 1637

पूसा बासमती 1728

पूसा बासमती 1718

पंजाब बासमती 4

पंजाब बासमती 5

हरियाणा बासमती 2

पूसा बासमती 1692

बासमती की खेती के क्षेत्र

बासमती की खेती भारत में जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में की जाती है।

बासमती चावल निर्यात

भारत विश्व में बासमती चावल का प्रमुख निर्यातक है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (ए पी डा) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने वित्तीय वर्ष 2020-21 (अप्रैल-मार्च) में 46.31 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसका मूल्य 29,849.39 करोड़ रुपये था।

2020-21 में भारतीय बासमती चावलों के 10 सबसे बड़े आयात करने वाले देशों में सऊदी अरब, ईरान, इराक, यमन, संयुक्त अरब अमीरात (यू ए ई), संयुक्त राज्य अमेरिका, कुवैत, ग्रेट ब्रिटेन, कतर और ओमान शामिल हैं। ए पी डा के आँकड़ों के अनुसार, भारत ने 2020-21 के दौरान 157 देशों को बासमती चावलों का निर्यात किया।

ए पी डा के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 (अप्रैल 2021 से फरवरी 2022) में भारत ने दुनिया 41.52 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल की निर्यात जिसका मूल्य 26,850 करोड़ रुपये था।